# BHOPAL SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

3rd Floor, Smart City Building, Zone -14, Near Tatpar Petrol Pump, BHEL, Govindpura, Bhopal-462023 (MP)

Phone: 0755 - 2704261 Email: bscdcl@smartbhopal.city www.smartbhopal.city


SMART CITY BHOPAL

क्र : 244 /स्था./बीएससीडीसीएल/2024 भोपाल, दिनांक 09 नवंबर 2024

कंपनी में निम्न पदों पर प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति हेतु शासन/शा.उपक्रमों/शासन द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं में सेवारत नियमित अधिकारियों तथा सेवानिवृत अधिकारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्र. | पदनाम | पदों की संख्या | टीप |
|---|---|---|---|
| 01 | अधीक्षण यंत्री | 01 | सेवारत नियमित अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति / सेवानिवृत अधिकारी को संविदा नियुक्ति |
| 02 | कार्यपालन यंत्री | 01 | |
| 03 | लेखा अधिकारी | 01 | |

पदों हेतु विस्तृत विज्ञापन, निर्धारित योग्यता, अधिकतम आयु, अनुभव, आवेदन की प्रक्रिया, शर्ते तथा अन्य समस्त विवरण कंपनी वेबसाइट www.smartbhopal.city पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार मप्र ई–सेवा पोर्टल https://www.services.mp.gov.in/eservice के श्रम एवं रोजगार सेक्शन में उपलब्ध ऑनलाइन लिंक माध्यम से, अपने आवेदन दिनांक 30 नवंबर 2024 समय 24.59 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मप्र ई–सेवा पोर्टल पोर्टल की ऑनलाइन प्रणाली के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

BHOPAL SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

3rd Floor, Smart City Building, Near Govindpura Police Sattion, BHEL, Bhopal-462023(MP)
Email : ceo@smartbhopal.city Web.: smartbhopal.city, Phone: 91-755-2477770

# प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति हेतु विस्तृत विज्ञापन

क्र. 244 /स्था./बीएससीडीसीएल /2024/ भोपाल दिनांक 9 नवंबर 2024

भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि. द्वारा निम्नानुसार रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु भारत शासन, मप्र शासन, शासन के उपक्रम, शासन द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं में कार्यरत अथवा सेवानिवृत अधिकारियों से यथास्थिति प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्र | पदनाम | रिक्तियों की संख्या | संविदा नियुक्ति की दशा में आरक्षण की श्रेणी | नियुक्ति की विधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | अधीक्षण यंत्री | 01 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत अधिकारियों को संविदा आधार पर नियुक्ति |
| 02 | कार्यपालन यंत्री | 01 | अनारक्षित | |
| 03 | लेखा अधिकारी | 01 | अनारक्षित | |

1- उक्त विज्ञापित पदों पर नियक्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार पात्र हैं–

(अ) मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपकमों में <u>कार्यरत नियमित अधिकारी</u>

(ब) मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपकमों से **सेवानिवृत अधिकारी**

2- <u>आयुसीमा</u> : उक्त विज्ञापित पदों पर नियक्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुंत करने निम्नानुसार आयुसीमा निर्धारित है–

(अ) प्रतिनियुक्ति आधार पर सेवा हेतु वर्तमान सेवारत आवेदकों हेतु – आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम 60 वर्ष ।

(ब) संविदा आधार पर सेवा हेतु से.नि. आवेदकों हेतु – आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पर अधिकतम 63 वर्ष ।

आवेदक की आयु की गणना बीएससीडीसीएल को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पर आधार में उल्लेखित जन्मतिथि को मान्य किया किया जायेगा।

आवेदक के सेवा अभिलेख अथवा पेंशन पेमेंट आदेश में उल्लेखित जन्मतिथि तथा आधार में अंकित जन्मतिथि में भिन्नता होने की दशा में, सेवा अभिलेख अथवा पेंशन पेमेंट आर्डर में उल्लेखित जन्मतिथि को मान्य किया जायेगा।

3- <u>वेतन / संविदा वेतन–</u>

(अ) वर्तमान सेवारत अधिकारियों को मूल विभाग में प्राप्त वर्तमान वेतन एवं मंहगाई भत्ता, पेंशन / नवीन पेंशन योजनांतर्गत नियोक्ता अंशदान / शासन के नियमानुसार गृहभाड़ा भत्ता, नियमुनसार अन्य नियोक्ता अंशदान। (मूल विभाग के नियमानुसार वार्षिक वेतन वृद्वि की पात्रता होगी)

(ब) सेवानिवृत अधिकारियों को संविदा नियुक्ति की दशा में मप्र शासन के नियमानुसार अंतिम वेतन में से पेंशन की राशि घटाकर संविदा वेतन की गणना की जायेगी परंतु यह राशि निम्न से अनाधिक होगी–

| Sr. | Position | Amount |
|---|---|---|
| **01** | Superintending Engineer | **60,000 Per Month** |
| **02** | Executive Engineer | **50,000 Per Month** |
| **03** | Accounts Officer | **40,000 Per Month** |

4- <u>नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताये एवं अनुभव</u>–

(अ) अधीक्षण यंत्री : परिशिष्ट – 1 अनुसार
(अ) कार्यपालन यंत्री : परिशिष्ट – 2 अनुसार
(अ) लेखा अधिकारी : परिशिष्ट – 3 अनुसार

5- <u>संविदा की अवधि</u> : एक वर्ष

6- <u>चयन की प्रक्रिया :</u>

6.1 विज्ञापित पदों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर अथवा संविदा आधार सेवा हेतु इच्छुक अधिकारी /सेवा निवृत अधिकारियों से आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक केवल मप्र ई सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन प्रंणाली के माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार किये जावेंगे।

6.2 ऑनलाइन प्रणाली के अतिरिक्त अन्य माध्यम यथा डाक, ई–मेल आदि से प्राप्त / प्रस्तुत आवेदन पत्र अमान्य किये जायेगे।

6.3 ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से निर्धारित तिथि/समय तक प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत योग्य पाये गये उम्मीदवारों को दस्तावेजों सत्यापन सह साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

6.4 दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार के दिनांक/समय की सूचना बीएससीडीसीएल की वेबसाइट, ई–मेल तथा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दी जायेगी, परंतु सूचनापत्र समय पर प्राप्त न होने संबंधी कोई दावा–आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

6.5 आवेदकों की सख्या अधिक होने अथवा किसी अन्य कारण से दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार हेत आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने का अधिकार भोपाल स्मार्ट सिटी के पास सुरक्षित है।

6.6 दस्तावेज सत्यापन के समय आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र संलग्न में किये गये दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

6.7 प्रतिनियुक्ति आधार पर सेवा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों के लिए उनके नियोक्ता अधिकारी द्वारा बीएससीडीसीएल में प्रतिनियुक्ति सेवा हेतु जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की दशा में संबंधित आवेदक को साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

6.8 दस्तावेज सत्यापन के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्हपलमेंट कार्पो का निर्णय अंतिम होगा।

6.9 दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार प्रक्रिया के पश्चात पर नियुक्ति हेतु चयनित उम्मीदवार तथा प्रतीक्षारत उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी।

7- <u>आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया –</u>

7.1 आवेदन पत्र मप्र ई–सेवा पोर्टल के श्रम एवं रोजगार सेक्शन में ऑनलाइन प्रणाली के के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार वेब लिंक है– https://www.services.mp.gov.in/eservice/

7.2 उक्त वेबलिंक भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्लपमेंट कार्पो. की वेबसाइट www.smartbhopal.city में उपलब्ध है।

7.3 आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/समय निम्नानुसार निर्धारित है– **दिनांक 30 नंवबर 2024 23.59 तक**

7.4 आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्वि, संशोधन, साक्षात्कार के समय/स्थान परिवर्तन संबधी अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं है।

7.5 आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में परिवर्तन, संशोधन, दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार हेतु योग्य उम्मीदवारों की सूची, चयन तथा प्रतीक्षा सूची भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्लपमेंट कार्पो. की वेबसाइट www.smartbhopal.city पर जारी की जायेगी।

7.6 आवेदन पत्र एवं सहपत्र केवल ऑनलाइन वेबलिंक के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। ईमेल, डाक अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र, सहपत्र अन्य दस्तावेज अमान्य किये जायेगे।

7.7 आवेदक का यह दायित्व है, कि वह आवेदन पत्र में सुस्पष्ट जानकारी तथा जानकारी के दस्तावेजी प्रमाण संलग्न कर प्रस्तुत करे। अपूर्ण, अस्पष्ट जानकारी, दस्तावेजों की अपठनीय प्रति प्रस्तुत होने की दशा में समस्त दायित्व आवेदक का होगा।

7.8 आवेदक द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर, दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार हेतु आमंत्रण पूर्णतः प्रावधिक है। यदि उम्मीदवार ऑनलाइन प्रस्तुत दस्तावेज की मूल प्रति प्रस्तुत करने में असफल रहते हैं, तो उसका समस्त दायित्व आवेदक का होगा।

7.9 आवश्यकता होने पर आवेदक, आवेदक के विभाग, सेवानिवृति पूर्व कार्यरत विभाग से अतिरिक्त जानकारी/दस्तावेज, दस्तावेजों का सत्यापन कराया जायेगा।

**8-** नियुक्ति की प्रक्रिया –

8.1 प्रतिनियुक्ति आधार पर सेवा हेतु चयनित उम्मीदवारों की सेवायें, उनके मूल विभाग से कंपनी में प्राप्त करने हेतु नियोक्ता प्राधिकारी को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा।

चयनित उम्मीदवार के मूल विभाग द्वारा संबंधित अधिकारी की प्रतिनियुक्ति सेवायें भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्हलपमेंट कार्पो को सौंपे जाने एवं भारमुक्त किये जाने की कार्यवाही अधिकतम 45 दिवस की अवधि में पूर्ण न होने की दशा में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अन्य उम्मीदवार को अवसर प्रदान किया जायेगा।

8.2 संविदा आधार पर सेवा हेतु चयनित उम्मीदवारों को चयन की सूचना जारी कर अधिकतम 30 दिवस में संविदा नियुक्ति अनुबंध संपादन की कार्यवाही हेतु आमंत्रित किया जायेगा। 30 दिवस की अवधि मे संविदा नियुक्ति अनुबंध संपादित न होने की दशा में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित उम्मीदवार को अवसर प्रदान किया जायेगा।

9- चयन/नियुक्ति प्रक्रिया के किसी चरण में यह पाया जाता है, कि उम्मीवार द्वारा कूटरचित अथवा तथ्यों छिपाकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर नियुक्ति चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा।

10- उम्मीदवार द्वारा किसी भी विधि से नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किये जाने की दशा में बिना कारण बताये नियुक्ति प्रकिया हेतु अयोग्य घोषित किया जायेगा।

11- कंपनी में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अधिकारियों का जिला स्तरीय बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण तथा चरित्र सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी। अधिकारी के वेतन का निर्धारण /आहरण स्वास्थ्य परीक्षण तथा चरित्र सत्यापन के पश्चात किया जायेगा।

Clal

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
भोपाल स्मार्ट सिटी डेव्हलपमेंट कार्पो.

परिशिष्ट–1

01. अधीक्षण यंत्री :

निर्धारित योग्यता, अनुभव

अ. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों के नियमित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर सेवा हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों हेतु

I. मूल विभाग/संस्था में नियमित नियुक्त सेवारत अधिकारी जो वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे 6600–7600 / मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल 14/13 अथवा समकक्ष वेतनमान में कार्यरत हो।

II. मूल विभाग/प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में अधीक्षण यंत्री/प्रभारी अधीक्षण यंत्री/समकक्ष पद पर न्यूनतम 01 वर्ष तक कार्यरत हो।

अथवा

मूल विभाग/प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में कार्यपालन यंत्री–सिविल यांत्रिकी अथवा प्रभारी कार्यपालन यंत्री सिविल यांत्रिकी के पद पर न्यूनतम 5 वर्ष तक कार्यरत हो।

III. नियोक्ता विभाग/संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा बीएससीडीसीएल में प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

IV. नियोक्ता विभाग संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विजिलेंस क्लियरेंस, कोई विभागीय जॉच, पूलिस, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध विंग द्वारा प्रकरण दर्ज कर जॉच, अभियोजन, अपराधिक प्रकरण लंबित न होने, संबधी प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

V. वांछनीय : शहरी विकास परियोजनाओं के नियोजन, कियान्वयन का अनुभव हो

ब. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों से सेवानिवृत व्यक्तियों हेतु संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों हेतु –

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग से स्नातक योग्यता।

II. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों में वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे 7600– 6600 अथवा मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल 14/13 अथवा समकक्ष न्यूनतम एक वर्ष सेवारत रहा हो तथा अधिवार्षिकी आयू पूर्ण कर अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत हुआ हो।

III. सेवानिवृति पूर्व मूल विभाग अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में नियमित सेवा अंर्तगत अधीक्षण यंत्री अथवा प्रभारी अधीक्षण यंत्री अथवा कार्यपालन यंत्री अथवा प्रभारी कार्यपालन यंत्री अथवा उच्च पद पर न्यूनतम 5 वर्ष तक कार्यरत रहा हो।

IV. सेवा के विगत 10 वर्षो में कोई दंड न दिया गया हो।

V. सेवानिवृत आधिकारी कर्मचारी का गोपनीय चरित्रावली अभिलेख समग्र रूप से बहुत अच्छा या उच्च श्रेणी का हो।

VI. अधिकारी के विरूद विभागीय जॉच अथवा अभियोजन लंबित न हो। तथा उसे सेवा से हटाया न गया हो।

VII. स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी हो

VIII. वांछनीय : शहरी विकास परियोजनाओं के नियोजन, कियान्वयन का अनुभव हो

02. कार्यपालन यंत्री :

अ. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों के नियमित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर सेवा हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों हेतु–

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग से स्नातक योग्यता।

II. मूल विभाग/संस्था में नियमित नियुक्त सेवारत अधिकारी जो वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे 6600 अथवा मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल 13 अथवा समकक्ष वेतनमान में कार्यरत हो।

III. मूल विभाग/प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में कार्यपालन यंत्री–सिविल अघवा प्रभारी कार्यपालन यंत्री सिविल अथवा समकक्ष पद पर न्यूनतम 01 वर्ष तक कार्यरत रहा हो।

VI. नियोक्ता विभाग/संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा बीएससीडीसीएल में प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

IV. नियोक्ता विभाग संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विजिलेंस क्लियरेंस, कोई विभागीय जॉच, पूलिस, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध विंग द्वारा प्रकरण दर्ज कर जॉच, अभियोजन, अपराधिक प्रकरण लंबित न होने, संबधी प्रमाण पत्र जारी किया गया हो

V. वांछनीय : शहरी विकास परियोजनाओं के नियोजन, क्रियान्वयन का अनुभव हो

ब. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों से सेवानिवृत व्यक्तियों हेतु संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों हेतु

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग से स्नातक योग्यता।

II. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों में वेतनमान 15600–39100 ग्रेड पे 6600 अथवा मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल 13 अथवा समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम तीन वर्ष सेवारत रहा हो तथा अधिवार्षिकी आयू पूर्ण कर अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत हुआ हो।

III. सेवानिवृति पूर्व मूल विभाग अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में नियमित सेवा अंर्तगत कार्यपालन यंत्री अथवा प्रभारी कार्यपालन यंत्री अथवा समकक्ष/उच्च पद पर न्यूनतम 3 वर्ष तक कार्यरत रहा हो।

IV. सेवा के विगत 10 वर्षो में कोई दंड न दिया गया हो।

V. सेवानिवृत आधिकारी कर्मचारी का गोपनीय चरित्रावली अभिलेख समग्र रूप से बहुत अच्छा या उच्च श्रेणी का हो।

VI. अधिकारी के विरूद विभागीय जॉच अथवा अभियोजन लंबित न हो। तथा उसे सेवा से हटाया न गया हो।

VII. स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी हो

VIII. वांछनीय : शहरी विकास परियोजनाओं के नियोजन, क्रियान्वयन का अनुभव हो

परिशिष्ट–3

03. लेखाअधिकारी

अ. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों के नियमित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिनियुक्ति आधार पर सेवा हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों हेतु

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य संकाय में स्नातक/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन–फायनेंस/चार्टड एकांउटेट योग्यता।

II. मूल विभाग/संस्था में नियमित नियुक्त सेवारत अधिकारी जो वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे 4200/4800 अथवा मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल 10/11 अथवा समकक्ष वेतनमान में कार्यरत हो।

III. मूल विभाग/प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में लेखाअधिकारी/वित्त अधिकारी/सहायक संचालक वित्त/समकक्ष पद पर न्यूनतम 3 वर्ष तक कार्यरत हो।

VII. नियोक्ता विभाग/संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा बीएससीडीसीएल में प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

IV. नियोक्ता विभाग संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विजिलेंस क्लियरेंस, कोई विभागीय जॉच, पूलिस, लोकायुक्त, आर्थिक अपराध विंग द्वारा प्रकरण दर्ज कर जॉच, अभियोजन, अपराधिक प्रकरण लंबित न होने, संबंधी प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

IX. वांछनीय : शासकीय उपक्रमों में लेखा/वित्त संबंधी कार्य का अनुभव हो

ब. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों से सेवानिवृत व्यक्तियों हेतु संविदा नियुक्ति

I. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य संकाय में स्नातक/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन–फायनेंस/ इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकांउटेंट से चार्टड एकांउटेट योग्यता।

II. मप्र शासन अथवा भारत शासन के विभागों/अर्धशासकीय संस्थाओ/शाासन द्वारा विधि द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं/शासकीय उपक्रमों में वेतनमान 9300–34800 ग्रेड पे 4200/4800 अथवा मप्र वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के लेवल 10/11 अथवा समकक्ष न्यूनतम तीन वर्ष सेवारत रहा हो तथा अधिवार्षिकी आयू पूर्ण कर अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत हुआ हो।

III. सेवानिवृति पूर्व मूल विभाग. अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर अन्य विभाग/संस्था में नियमित सेवा अंर्तगत अन्य विभाग/संस्था में लेखाअधिकारी/वित्त अधिकारी/सहायक संचालक वित्त/समकक्ष पद /उच्च पद पर न्यूनतम 3 वर्ष तक कार्यरत रहा हो।

IV. सेवा के विगत 10 वर्षो में कोई दंड न दिया गया हो।

V. सेवानिवृत आधिकारी कर्मचारी का गोपनीय चरित्रावली अभिलेख समग्र रूप से बहुत अच्छा या उच्च श्रेणी का हो।

VI. अधिकारी के विरूद विभागीय जॉच अथवा अभियोजन लंबित न हो। तथा उसे सेवा से हटाया न गया हो।

VII. स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी हो

VIII. वांछनीय : शासकीय उपक्रमों में लेखा/वित्त संबंधी कार्य का अनुभव हो।